# प्रगति आख्या 2022-23

**प्रो० गिरीश कुमार सिंह**
प्राचार्य

यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि दुर्गा प्रसाद बलजीत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अनूपशहर अपनी स्थापना के 57 वर्ष पूर्ण कर चुका है। सन् 1965 से 2022 तक की इस अवधि में महाविद्यालय ने उत्तरोतर संरचनात्मक एवं गुणात्मक प्रगति की है। महाविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं ने विश्व विद्यालय स्तर पर शैक्षणिक एवं विभिन्न पाठ्य सहगामी कार्यक्रमों में महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। वर्तमान समय में महाविद्यालय में चार अनुदानित एवं चार स्व-वित्तपोषित पाठयक्रम संचालित हो रहे हैं, जिनमें कुल 1673 छात्र-छात्रायें अध्ययनरत है। शैक्षणिक उपलब्धियों एवं अनुशासन की दृष्टि से यह महाविद्यालय चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में अपना विशिष्ट स्थान रखता है।

| पाठ्यक्रम | परीक्षाफल (उत्तीर्ण प्रतिशत) |
|---|---|
| बी०ए० | 87.19% |
| बी०सी०-सी० | 98.92% |
| बी०कॉम० | 82.14% |
| बी०सी०ए० | 93.48% |
| एम०ए० संस्कृत | 93.75% |
| एम०एस-सी० भौतिकी | 66.67% |
| एम०एस-सी० रसायन विज्ञान | 78.95% |
| बी०एड० | 100% |

**मुख्य आकर्षण:**

❖ महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर सात विषयों एवं परास्नातक स्तर पर तीन विषयों के संचालित करने की अनुमति शासन द्वारा प्राप्त हो चुकी है। इतिहास, सांख्यिकी, वाणिज्य विषय में पी.एच.डी. कराने की अनुमति प्राप्त हो चुकी है।

❖ महाविद्यालय के पांच प्रबुद्ध प्राध्यापक डॉ. यू.के.झा (राजनीतिक विज्ञान), डॉ. पी.के. त्यागी (सांख्यिकी), डॉ. चन्द्रावती (रसायन विज्ञान), डॉ. आर.के. अग्रवाल (गणित) एवं डॉ. सीमान्त कुमार दुबे (शारीरिक शिक्षा) एसोसिएट पद से प्रोफेसर पद पर प्रोन्नत हुये हैं।

❖ महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग के विज्ञापन संख्या 50 के अंतर्गत चयनित श्री आलोक कुमार तिवारी ने हिन्दी विभाग, श्री सोहन आर्य संस्कृत विभाग, श्री अनिल कुमार समाजशास्त्र विभाग, श्री दीक्षित कुमार भौतिकी विभाग, श्री हरेन्द्र कुमार गणित विभाग एवं श्री हिमांशु अर्थशास्त्र विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यभार ग्रहण किया।

❖ महाविद्यालय के उन्नयन हेतु महाविद्यालय परिवार के सदस्यों के साथ विचार-विमर्श अथवा सम्मेलन हेतु एक कॉन्फ्रेंस रूम को तैयार कराया गया।

❖ छात्र-छात्राओं के हित को देखते हुए महाविद्यालय में कक्षा समापन होने के बाद सायंकाल अध्ययन करने हेतु एक 40 विद्यार्थी क्षमता वाली डिजीटल लाइब्रेरी बनायी गयी।

❖ महाविद्यालय में शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने हेतु एक इंटरएक्टिव पैनल लगाया गया।

❖ महाविद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए शिक्षकों के गुणवत्ता पूर्ण व्याख्यान छात्रों तक पहुंचाने हेतु एक रिकॉर्डिंग रूम तैयार कराया गया है।

❖ महाविद्यालय की प्राचीन धरोहरों को संरक्षित रखने हेतु एक संग्रहालय बनाया जा रहा है।

❖ महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा की दृष्टि से कमरों एवं पोर्च में सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाये गए।

❖ महाविद्यालय में स्थापित वाटिका का नामकरण स्व. श्री जगदीश शरण अग्रवाल जी की स्मृति में श्रद्धेय श्री जयप्रकाश जी गौड़ के निर्देश पर जगदीश वाटिका किया गया।

❖ महाविद्यालय में जॉब प्लेसमेंट हेतु आयी कम्पनी एक्कोएट इंडिया ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट एवं इरा टैक्नोलॉजी इंडिया लि. ने कुल 14 विद्यार्थियों को चयन किया।

❖ चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा आयोजित वार्षिक एवं सेमेस्टर परीक्षाओं में विश्वविद्यालय स्तर पर परास्नातक भौतिक में निकिता शर्मा ने द्वितीय स्थान उज्जवल सिंह (पुरूष वर्ग) ने प्रथम स्थान एवं बी.एड. पाठयक्रम में शिवा भारद्वाज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

❖ ओ.एन.जी.सी. के सी.एस.आर. फन्ड से कॉलिज में छात्राओं के लिए एक गाएनेकोलाजिस्ट की व्यवस्था तथा सेनेट्री नैपकिन की योजना शुरू की गई है। डिफिरेंटली एब्लड (दिव्यांगजन) छात्रों के लिए एक व्हील चेयर की व्यवस्था की गई है।

1. दिनांक 05.07.2022 को महाविद्यालय परिसर में वृहत वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें शिक्षकों कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण किया।
2. 15 जुलाई को डी.पी.बी.एस. कॉलिज में स्थापना दिवस के अवसर पर हवन का कार्यक्रम रखा गया।
3. दिनांक 29.07.2022 को ''एक युद्ध नशे के विरूद्ध'' जन जागरूकता अभियान के अन्तर्गत प्राचार्य जी द्वारा शपथ दिलाई गई।

4. दिनांक 06.08.2022 को आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में देशभक्ति पूर्ण चलचित्र चक दे इंडिया का प्रदर्शन किया गया तथा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय आदर्श राष्ट्र के निर्माण में रामचरित्र मानस की भूमिका रहा।
5. दिनांक 08.08.2022 से दिनांक 14.08.2022 तक संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया गया। दिनांक 14 अगस्त 2022 को स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर एक दीप अमर शहीदों के नाम अभियान के तहत महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर मोमबत्ती जलाकर अमर शहीदों को श्रद्धा के साथ नमन किया गया।
6. दिनांक 11 से 17 अगस्त 2022 तक स्वतंत्रता सप्ताह एवं दिनांक 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।
7. दिनांक 15 अगस्त 2022 को स्वाधीनता दिवस समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया।
8. दिनांक 17 अगस्त 2022 को 'कौशल विकास मिशन' के तहत उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन 'स्वाबलम्बी भारत अभियान' समिति, बुलन्दशहर के तत्वाधान में किया गया।
9. दिनांक 05 सितम्बर 2022 को शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों को सम्मानित किया गया।
10. दिनांक 06 सितम्बर 2022 को देशभक्ति पूर्ण चलचित्र 'सरदार बल्लभ भाई पटेल' का प्रदर्शन किया गया।
11. दिनांक 14 सितम्बर 2022 को हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया।
12. दिनांक 14 अक्टूबर 2022 को परिसर की स्वच्छता के संदर्भ में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें श्री संजय कुमार जी, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक, नगर पालिका अनूपशहर ने अपने व्याख्यान द्वारा शिक्षकों एवं कर्मचारियों का मार्ग दर्शन किया।
13. दिनांक 15 अक्टूबर 2022 से दिनांक 18 अक्टूबर 2022 के मध्य शिक्षा क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी विषय पर तीन कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।
14. दिनांक 16 नवम्बर 2022 से दिनांक 18 नवम्बर 2022 तक तीन दिवसीय रोवर रेंजर प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया।
15. दिनांक 26 नवम्बर 2022 को 'संविधान दिवस' का आयोजन किया गया।
16. दिनांक 01 दिसम्बर 2022 से 10 दिसम्बर 2022 तक संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन किया गया।
17. दिनांक 08 दिसम्बर 2022 को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
18. दिनांक 10 दिसम्बर 2022 को रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया।
19. दिनांक 14 दिसम्बर 2022 को एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
20. दिनांक 16 दिसम्बर 2022 व 17 दिसम्बर 2022 को वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
21. दिनांक 18 दिसम्बर 2022 को पुरात्तन छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया।
22. दिनांक 22 दिसम्बर 2022 को प्रसिद्ध गणितज्ञ श्री निवास रामानुजन के जन्मदिवस को गणित दिवस के रूप में मनाया गया।
23. दिनांक 15 जनवरी 2023 एवं 16 जनवरी 2023 को विश्व विद्यालय की दो दिवसीय अन्तरमहाविद्यालय नेट बॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
24. दिनांक 23 जनवरी 2023 को 'पात्रता का विकास' के विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के पूर्व छात्र डॉ. गौरव वार्ष्णेय जो वर्तमान में संयुक्त निदेशक (वन-सांख्यिकी), उत्तर प्रदेश लखनऊ के पद पर कार्यरत द्वारा छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया।
25. दिनांक 26 जनवरी 2023 को महाविद्यालय में 74 वॉ गणतन्त्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये।
26. दिनांक 26 जनवरी 2023 को गणतंत्र दिवस के सुअवसर पर दिल्ली कर्तव्य पथ पर होने वाली परेड के लिये महाविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट भूपेन्द्र का चयन हुआ।
27. दिनांक 27 जनवरी 2023 से दिनांक 04 फरवरी 2023 तक शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार महाविद्यालय में आई.क्यू.ए.सी. के तत्वाधान में 'अमृत महोत्सव' के अंतर्गत तथा जी 20 सम्मेलन भारत में आयोजित किये जाने पर क्रमशः वाद-विवाद प्रतियोगिता, दिनांक 28 जनवरी 2023 को समावेशी विकास, भारतीय विकास संरचना एवं वैश्विक विकास, आत्मनिर्भर भारत अभियान पर सिम्पोजियम एवं गोष्ठी का आयोजन, दिनांक 28 जनवरी 2023 को बास्केटबॉल प्रतियोगिता, दिनांक 30 जनवरी 2023 को क्विज प्रतियोगिता, दिनांक 31 जनवरी 2023 को चित्रकारी प्रतियोगिता, दिनांक 01 फरवरी 2023 को योग कैम्प, दिनांक 02 फरवरी 2023 को सांस्कृतिक कार्यक्रम, दिनांक 03 फरवरी 2023 को डेमोक्रेसी एवं सतत् विकास पर सिम्पोजियम का आयोजन एवं दिनांक 04 फरवरी 2023 को भारतीय संस्कृति की विशेषताओं/ विभिन्न विधाओं पर सिम्पोजियम का आयोजन किया गया।

श्रद्धेय श्री जयप्रकाश जी गौड़ अध्यक्ष, ऐंग्लो वैदिक शिक्षा समिति